# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 33** **जुलाई-सितंबर 2022**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**सुश्री रंजना झा**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री दयानंदन टी.**

**संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

## स्वतंत्रता दिवस

केंद्रीय कर और सीमा शुल्क तथा आयकर विभागों द्वारा बेंगलूरु केंद्रीय राजस्व भवन के परिसर में स्वतंत्रता दिवस संयुक्त रूप से मनाया गया। दिनांक 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर कर्नाटक व गोवा क्षेत्र, बेंगलूरु के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त श्रीमती चेताली पनमै ध्वजारोहण किया।








## केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक में आयोजित
## राजभाषा सम्मेलन एवं हिंदी दिवस/पखवाड़ा समापन समारोह

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति के निदेश के अनुसरण में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के कनार्टक में स्थित सभी आयुक्तालयों के लिए दिनांक 29.09.2022 को सायं 04:00 बजे से 05:00 बजे तक राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया । तदुपरांत 05:00 बजे से 06:00 बजे तक हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह संयुक्त रूप से मनाया गया था । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त सुश्री रंजना झा एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त श्रीमती तेजस्विनी पी.कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु की सुश्री तनुश्री चंद्रा सी. के प्रार्थना गीता के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय के आयुक्त श्री प्रदीप कुमार सुमन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । तदुपरांत राजभाषा सम्मेलन के हिस्से की रूप में चन्नपट्टणा जी.एफ.सी.सी. के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.प्रभु उपासे जी ने अपना विशेष भाषण में हिंदी भाषा का ऐतिहासिक और वर्तमान महत्व एवं राजभाषा हिंदी के बारे में विस्तृत जानकारी दी । राजभाषा सम्मेलन के विविध करोबार के निर्धारिती भी उपस्थत थें ।















आगे, हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के विशेष अंग के रूप में पहले माननीय गृह मंत्री महोदय जी का संदेश पठन सीमा शुल्क, मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल के उपायुक्त श्री समीर सक्सेना ने किया । तदुपरांत केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की गृह पत्रिका ' बृंदावन ' का ई विमोचन किया गया । पत्रिका का विमोचन केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त सुश्री रंजना झा एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त श्रीमती तेजस्विनी पी.कुमार के करकमलों से किया गया ।

तत्पश्चात, केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय की वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती पद्मश्री बाबु ने राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत किया । तदुपरांत केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त सुश्री रंजना एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त श्रीमती तेजस्विनी पी.कुमार सभी विजेताओं को चल वैजयंती पुरस्कार का वितरण किया । फिर केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त एवं आयुक्त के करकमलों द्वारा प्रोत्साहन योजना एवं हिंदी प्रतियोगिओं के विजेताओं को प्रमाण पत्रों से नवाज़ा गया ।

आगे, सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त श्रीमती तेजस्विनी पी.कुमार जी ने अपने मुख्य अतिथि भाषण में राजभाषा उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए सभी अधिकारियों को प्रयास करने बताईं । फिर, अध्यक्षीय भाषण में केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त सुश्री रंजना झा जी ने उपस्थित दर्शकगण को आशीर्वाद देते हुए अनुदेश दी है कि प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए राजभाषा काम में बढ़ोत्तरी लाने के लिए कहा ।

सीमा शुल्क, मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु में कार्यरत वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती एन.उषा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंच का संचालन केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई.सुब्रह्मण्यम द्वारा किया गया ।
















# हिंदी कार्यशाला

दिनांक 21.07.2022 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के <u>समूचे कर्नाटक</u> में कार्यरत अधीक्षकों के लिए सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा बेबिनॉर के माध्यम से <u>ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला</u> का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला का उद्घाटन नासीन, बेंगलूरु की संयुक्त निदेशक सुश्री एम.एन. प्रज्वला ने किया । पूर्वाहन के दोनों सत्र में डी.आर.डी.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.जी.आर. चौधरी ने " *राजभाषा नीति तथा टिप्पण एवं आलेखन* " पर प्रकाश डाला । तथा अपराहन पर के दोनों सत्र में डी.आर.डी.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.एस.एन. महेश ने " *कंप्यूटरों पर हिंदी का प्रयोग और हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट* " पर व्याख्यान दिया ।


इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।
**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**